<u>नेतरहाट विद्यालय समिति की, कार्यकारिणी समिति की, सभापति, श्री नरेन्द्र भगत, भा.प्र.से.(से.नि.), की अध्यक्षता में 22.07.2016 (शुक्रवार) को संपन्न बैठक की कार्यवाही</u> :-

1. **उपस्थिति** -संलग्न है।

2. **कार्यसूची की मद सं.1** : विगत बैठक दिनांक-16.05.2016 की कार्यवाही की संपुष्टि की गई।

3. **कार्यसूची की मद सं.2** : विगत बैठक दिनांक-16.05.2016 में लिए गये निर्णयों के क्रम में प्राचार्य-सह-सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तुत अनुपालन/कृत कार्रवाई प्रतिवेदन पर बिन्दुवार विचार किया गया तथा निम्नलिखित संशोधनों के साथ उसका अनुमोदन किया गया -

(i) वित्त विभाग के साथ हुए अनौपचारिक विमर्श के आधार पर प्राचार्य एवं विशेष कार्य पदाधिकारी के वेतनादि / मानदेय आदि के निर्धारण उपरान्त तत्संबंधी उनकी विधीक्षा वित्त विभाग से कराया जाना अनिवार्य नहीं है।

(ii) पूर्व विशेष कार्य पदाधिकारी, श्री प्रयाग दुबे द्वारा कार्यकारिणी समिति की दिनांक-16.05.2016 में लिए गये निर्णय के क्रम में उनके द्वारा समर्पित चार अभ्यावेदनों - क्रमशः दि.01.06.2016, 05.06.2016, 02.07.2016 तथा 06.07.2016 - में वर्णित सभी बिन्दुओं की बिन्दुवार समिति कार्यालय स्तर पर की गई गहन जांच तथा समीक्षा से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन बैठक में प्रस्तुत किया गया तथा उस पर विचार किया गया। सम्यक विचारोपरान्त, श्री दुबे के अभ्यावेदनों को अस्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया। प्राचार्य-सह-सदस्य सचिव को निदेश दिया गया कि वे अभ्यावेदनों में उल्लिखित मुख्य बिन्दुओं पर 'समिति' के बिन्दुवार निर्णय के संसूचन विधिवत् श्री दुबे को शीघ्र कर देगें।

(iii) विद्यालय के उप प्राचार्य के पद पर, प्रावधानानुसार, चयन आधारित नियुक्ति हेतु निर्गत सूचना को निरस्त किये जाने विषयक वर्तमान उप प्राचार्य, श्री राम नरेश सिंह द्वारा कार्यकारिणी समिति के सभापति को समर्पित अभ्यावेदन दिनांक-14.06.2016 पर बैठक में प्रस्तुत किया गया।

सम्यक विचारोपरान्त श्री सिंह का अभ्यावेदन अस्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, प्राचार्य–सह–सदस्य सचिव श्री सिंह को संसूचित कर देंगे।

(iv) विद्यालय के पूर्व परीक्ष्यमान प्रशासनिक पदाधिकारी, श्री सुहर्ष कुमार को विद्यालय कार्यालय के पत्रांक–930 दिनांक–23.05.2016 द्वारा उनकी सेवा समाप्ति के संदर्भ में श्री कुमार ने एक पुनर्विचार आवेदन दिनांक–13.06.2016 कार्यकारिणी समिति के सभापति को समर्पित किया गया था। उक्त आवेदन बैठक में सम्यक विचारोपरान्त अस्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, प्राचार्य–सह–सदस्य सचिव श्री कुमार को संसूचित कर देगें। यह भी निर्णय लिया गया कि विद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशन की कार्रवाई प्राचार्य–सह–सदस्य सचिव शीघ्र करेंगे।

4. **कार्यसूची की मद सं.3** : विद्यालय प्रशासन के स्तर पर वित्तीय प्रबंधन तथा लेखा संधारण की बैठक में समीक्षा की गई। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष–2016–17 हेतु स्वीकृत बजट के अनुसार योजना एवं गैर योजना मदों में प्राप्य सहायता अनुदान राशि की विमुक्ति प्रशासी विभाग द्वारा अबतक 'समिति' के पक्ष में नहीं की जा सकी है; परिणामतः विद्यालय प्रशासन के समक्ष वित्तीय दायित्वों के भली–भांति निर्वहन में असहज स्थिति बनी हुई है। बैठक में उपस्थित निदेशक, माध्यमिक शिक्षा से यह आग्रह किया गया कि अनुदान राशि की यथाशीघ्र विमुक्ति हेतु सार्थक पहल करें।

प्राचार्य–सह–सदस्य सचिव द्वारा यह बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र से 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए प्रारंभ की गई IIT etc प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु बाह्य एजेंसियों से कोंचिग कक्षाओं के आयोजन हेतु अनुबंध किये गये हैं। साथ ही, शिक्षकों के Orientation programme, छात्रों के Exchange programme भी इस वर्ष प्रस्तावित हैं। इन कार्यक्रमों के भली–भांति क्रियान्वयन हेतु आकलित व्यय – लगभग 1.00(एक करोड़) रूपये की मांग का प्रस्ताव दिनांक–14 जुलाई, 2016 को प्रशासी विभाग को 'प्रथम अनुपूरक मांग' स्वरूप समर्पित किया गया। बैठक में उपस्थित

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा ने यह सूचना दी कि विद्यालय प्रशासन द्वारा किंचित विलम्ब से प्रस्ताव समर्पित किये जाने के कारण उसे प्रशासी विभाग द्वारा वित्त विभाग को प्रेषित प्रस्ताव में सम्मिलित नहीं किया जा सका। उनका सुझाव था कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रशासी विभाग द्वारा 'समिति' को विमुक्त की जाने वाली गैर योजना अन्तर्गत सहायता अनुदान राशि से कोंचिग कक्षाओं तथा अन्य प्रस्तावित कार्यक्रमों पर होने वाले व्यय का वहन किया जाय।

बैठक में, प्राचार्य-सह-सदस्य सचिव को यह निदेश दिया गया कि विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रतिमाह विभिन्न मदों में किए जा रहे व्यय, लम्बित विपत्रों आदि से संबंधित विवरण तथा प्रतिवेदन तैयार किए जाने की प्रणाली अपनायी जाय। तैयार किये गये विवरण तथा प्रतिवेदन कार्यकारिणी समिति की बैठकों में उनके अवगतार्थ प्रस्तुत किये जाने की पद्धति अपनायी जाय।

5. **कार्यसूची की मद सं. 4** : वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2016-17 से विद्यालय में अध्ययनरत 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए IIT एवं अन्य स्तरीय संस्थानों की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु विद्यालय परिसर में 10 जून, 2016 से प्रारंभ की गई कोचिंग कक्षाओं की व्यवस्था तथा प्रगति से सदस्यों को अवगत कराया गया। उक्त प्रयोजनार्थ रांची स्थित कोचिंग एजेन्सी - MAXIMA CONCEPT Educational Services से किये गये औपबंधिक अनुबंध की स्वीकृति बैठक में दी गई, तथा निर्णय लिया गया की वर्तमान शैक्षणिक सत्र की शेष अवधि के लिए उक्त अनुबंध अवधि का विस्तार किया जाय। साथ ही, नोयडा / दिल्ली स्थित मुख्यतः IITians के TESTROCKET EDUVENTURES PVT LTD द्वारा संचालित offline तथा online classes की व्यवस्था के लिए वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2016-17 के लिए उक्त एर्जेसी के साथ अनुबंध किये जाने का निर्णय लिया गया।

6. **कार्यसूची की मद सं. 5** : विद्यालय परिसर में JAP IT द्वारा कम्प्युटरीकरण योजना के क्रियान्वयन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित JAP IT के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी - श्री के. के. सिन्हा - द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि योजना का कार्य समाप्तप्राय है; मात्र Reliance तथा Airtel से connectivity लिये

जाने का कार्य शेष है जिसे आगामी 7–10 दिनों के अन्दर पूरा कर लिया जायेगा।

7. **कार्यसूची की मद सं. 6** : भवन निर्माण प्रमण्डल, लोहरदगा / लातेहार द्वारा विद्यालय परिसर के पुराने भवनों के जीर्णोद्धार कार्यों एवं नवनिर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित कार्यपालक अभियन्ता, श्री प्रह्लाद मेहता ने बताया कि : **(i)** ऑडिटोरियम के जीर्णोद्धार कार्य से संबंधित सिविल कार्य लगभग समाप्तप्राय है; **(ii)** बंगला सं.04 के जीर्णोद्धार कार्य से संबंधित सिविल कार्य भी लगभग पूर्ण है; तथा **(iii)** आश्रम सेट सं.04 के तीन आश्रमों के जीर्णोद्धार कार्य पूर्णता की ओर है।

आगामी विद्यालय दिवस 15 नवम्बर, 2016 के पूर्व ऑडिटोरियम को पूरी तरह से सुसज्जित तथा व्यवहारार्थ लाने की दृष्टि से कार्यपालक अभियन्ता को निदेश दिया गया कि वे विभिन्न कार्यों – यथा, हॉल के false ceiling निर्माण, विद्युतीकरण कार्य, sound system के अधिष्ठापन, हॉल तथा स्टेज के लिए फर्नीचर के क्रय की व्यवस्था किये जाने निमित्त अभी से ही अनुबंधित संवेदक को अपने स्तर से समुचित निदेश दे दें तथा नियमित रूप से इन कार्यों की प्रगति का वे अनुश्रवण भी करें। ऑडिटोरियम की पुरानी संरचना से परिचित कुछेक सदस्यों द्वारा यह चिन्ता व्यक्त की गई कि हॉल में समुचित ventilation का सर्वथा अभाव देखा गया है, हॉल के दरवाजों के बन्द किये जाने पर प्रायः घुटन जैसा माहौल हो जाता है; अतएव अन्य कार्यों सहित इस समस्या का भी भली–भांति निदान किये जाने हेतु कार्यपालक अभियन्ता को निदेश दिया गया। हॉल को विभिन्न ऋतुओं में भली–भांति उपयोग में लाये जाने हेतु, आवश्यक संख्या में, Split Air Conditioners के अधिष्ठापन तथा उस पर होने वाले व्यय के आकलन कार्यपालक अभियन्ता कर लेंगे तथा तत्संबंधी प्रतिवेदन प्राचार्य को शीघ्र उपलब्ध करा देगें।

साथ ही, यह भी निदेश दिया गया कि ऑडिटोरियम के सामने वाले तथा उत्तरी तथा दक्षिणी भू–भाग का यथासंभव समतलीकरण कार्य

कराते हुए उन पर Tiles बिछाये जाने के कार्य के लिए भी संवेदक को समुचित निदेश कार्यपालक अभियन्ता अपने स्तर से दे देंगे।

बंगला सं. 04 के जीर्णोद्धार कार्य की प्रायः पूर्णता को देखते हुए, उक्त परिसर में आवश्यकता के आकलन के आधार पर कार्यपालक अभियन्ता को यह निदेश दिया गया कि वे क्रियान्वित योजना के additional scope के तौर पर, तीन अन्य items – चौकीदार तथा रसोईया के लिए परिसर के पश्चिम भाग में एक out house का निर्माण; परिसर में वैज्ञानिक विधि से चिन्हित स्थल पर Rig well deep boring कराकर जलापूर्ति की व्यवस्था; तथा भवन के सामने वाले तथा परिसर के दोनों प्रवेश द्वार के सामने के भू–भाग पर Tiles लगवाया जाना – को योजना में सम्मिलित किये जाने की कार्रवाई करें।

बंगला सं.04 के जीर्णोद्धार कार्य समापन उपरान्त उसके आगामी माह प्रस्तावित हस्तान्तरण बाद विद्यालय प्रशासन के स्तर पर उक्त बंगले के सभी कमरों – Bed room, drawing room, dining hall - सहित रसोई घर को सुसज्जित किया जाना है। इस हेतु, फर्नीचर, परदे आदि के क्रय सहित एक LED TV – Dish Antenna सहित – की व्यवस्था की जानी है। इस हेतु, विहित प्रक्रिया का अनुसरण कर आवश्यक सामग्रियों की समयानुसार व्यवस्था किये जाने की पहल एवं कार्रवाई प्राचार्य शीघ्र प्रारंभ करेंगे। इस बंगला परिसर हेतु आवश्यक क्षमता के Silent Power Generator का भी क्रय किया जाना आवश्यक होगा।

आश्रम सेट सं. 04 के तीन आश्रमों के लिए समूचित जलापूर्ति व्यवस्था तथा विद्युतीकरण के कार्य भी साथ–साथ शीघ्र पूरा किये जाने का निदेश कार्यपालक अभियन्ता को दिया गया ताकि छात्रों के आवासन आदि की समुचित व्यवस्था में सम्प्रति हो रही असुविधा को कम किया जा सके। कार्यपालक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि अक्टूबर, 2016 माह में इस आश्रम सेट के तीनों आश्रमों का हस्तान्तरण संभावित है।

उक्त तीनों आश्रमों के हस्तान्तरण पर उनके सुसज्जन आदि के कार्य विद्यालय प्रशासन के स्तर पर किया जाना है। अतएव, तत्संबंधी

विभिन्न आवश्यकताओं – स्वाध्याय कक्ष एवं भोजन कक्ष हेतु फर्नीचर आदि की व्यवस्था सहित किचन में गैस कनेक्सन, चिमनी आदि तथा बर्तनों एवं अन्य उपस्करों – के क्रय हेतु, विहित प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए, प्राचार्य त्वरित अपेक्षित कार्रवाई करेंगे। साथ ही, तीनों आश्रमों के लिए, एक उचित क्षमता के Silent Power Generator सेट की भी व्यवस्था की जानी है। कॉमन रूम के लिए LED TV – Dish Antenna सहित तथा TT टेबुल की व्यवस्था की जानी है।

8. **कार्यसूची की मद सं. 7 :** कार्यकारिणी समिति / सामान्य निकाय द्वारा पूर्व में लिए गये निर्णयों के क्रम में अबतक अवरूद्ध अनुवर्ती कार्रवाई तथा कुछेक अनसुलझे मुद्दों से संबंधित तैयार किया गया एजेंडा नोट बैठक में प्रस्तुत किया गया। उक्त नोट में वर्णित निम्नलिखित बिन्दुओं की ओर बैठक में उपस्थित निदेशक, माध्यमिक शिक्षा का ध्यान आकृष्ट किया गया तथा उनसे अनुरोध किया गया कि अपने स्तर पर पहल करते हुए उन बिन्दुओं के शीघ्र निष्पादन करावें :

(i) नेतरहाट विद्यालय समिति कार्यालय रांची के लिए विशेष कार्य पदाधिकारी के पद का सृजन का प्रस्ताव;

(ii) नेतरहाट विद्यालय के पाठ्यक्रम के C.B.S.E. से संबद्धन से संबंधित विद्यालय प्राचार्य द्वारा जून 2014 में समर्पित आवेदन का, यथा वांछित, प्रशासी विभाग द्वारा विधिवत अग्रसारण;

(iii) नेतरहाट विद्यालय परिसर स्थित शैले भवन (Chalet) का हस्तान्तरण लातेहार जिला प्रशासन द्वारा नेतरहाट विद्यालय समिति को किये जाने हेतु सरकार के स्तर पर पहल;

(iv) नेतरहाट विद्यालय के लिए शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए अतिरिक्त पदों के सृजन प्रस्ताव सहित नेतरहाट विद्यालय समिति के रांची स्थित कार्यालय हेतु प्रस्तावित पदों के सृजन हेतु प्रशासी पदवर्ग समिति के समक्ष उनके प्रस्तुतीकरण;

(v) सामान्य निकाय की दिनांक–11.02.2016 की बैठक की कार्यवाही में इंगित कतिपय विसंगतियों के निराकरण;

(vi) नेतरहाट विद्यालय के छात्रों के अभिभावकों के प्रतिवर्ष आय आधारित सम्प्रति प्रभावी वर्गीकरण के संशोधन तथा अद्यतनीकरण के प्रस्ताव पर निर्णय;

(vii) 'समिति' द्वारा नियुक्त शिक्षक एवं अन्य कार्मिकों के 'National Pension Scheme (NPS)' की कटौती प्रारंभ करने हेतु राज्य भविष्य निधि निदेशालय द्वारा प्रशासी विभाग से याचित सूचना 'निदेशालय' को शीघ्र भेजे जाने का प्रस्ताव।

(viii) प्रशासी विभाग द्वारा 'समिति' को संसूचित 23सूत्री अनुशंसा / निर्णय / अनुदेश के प्रसंग में बिन्दुवार कृत कार्रवाई / अनुपालन प्रतिवेदन के प्रसंग में अद्यतन स्थिति को अभिलिखित करते हुए, शीघ्र प्रशासी विभाग को समर्पित किये जाने का निदेश प्राचार्य–सह–सदस्य सचिव को दिया गया।

9. अन्यान्य :

(i) निदेशक, माध्यमिक शिक्षा द्वारा दिये गये इस आशय के सुझाव कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय पर संक्षिप्त परिचयात्मक "coffee table book" को तैयार किया जाय, को स्वीकार किया गया। इस हेतु प्राचार्य को समुचित पहल एवं कार्रवाई शीघ्र किये जाने का निदेश दिया गया।

(ii) छात्रों के IIT etc प्रवेश परीक्षा हेतु संचालित कोचिंग कक्षाओं के संदर्भ में चयनित एजेंसियों द्वारा समर्पित प्रति छात्र आकलित व्यय को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि लाभान्वित छात्रों के अभिभावक आकलित व्यय का 25% व्यय वहन हेतु अपना अंशदान देंगे। इनमें से ऐसे छात्र जिनके अभिभावक, अर्जित आय की दृष्टि से, निर्धारित 25% की राशि के व्यय वहन हेतु असमर्थ हों, किन्तु IIT etc प्रवेश परीक्षा में सफलता की काफी संभावना परिलक्षित हो; तो ऐसे मामलों की विस्तृत समीक्षा कर प्राचार्य वर्णित अंशदान के भुगतान से पूरी / आंशिक छूट देने के प्रस्ताव / प्रस्तावों को कार्यकारिणी समिति के समक्ष निर्णयार्थ समर्पित करेंगे।

(iii) पूर्व से विद्यमान विद्यालय के मुख्य भवन के पीछे अवस्थित छोटा वनस्पति उद्यान, जो सम्प्रति अपने पूर्व स्वरूप में नहीं है, को पुनः विकसित कराये जाने हेतु प्राचार्य को कहा गया।

(iv) प्राचार्य द्वारा प्रस्तावित आगामी कैलेंडर वर्ष 2017 से विद्यालय में लम्बी अवकाश अवधि – वर्षाकालीन तथा शीतकालीन अवकाश – में कटौती कर संशोधित किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

(v) विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों के लिए इस वर्ष orientation programme आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया तथा इस हेतु प्राचार्य विधिवत् रूपरेखा एवं प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

(vi) विद्यालय प्रशासन सामाजिक दायित्व के निर्वहन किये जाने के क्रम में निकटवर्त्ती विद्यालयों में mentoring करने की भूमिका हेतु पहल कर प्रारंभ करे, विद्यालय प्राचार्य को इस आशय का सुझाव दिया गया।

(vii) विद्यालय के website को नये सिरे से आधुनिक स्वरूप में प्रस्तुत किये जाने हेतु अपेक्षित कार्रवाई समिति स्तर पर शीघ्र की जाय।

(viii) नेतरहाट विद्यालय पर एक छोटी Documentary Film किसी पेशेवर एजेंसी द्वारा बनवाये जाने हेतु अपेक्षित कार्रवाई समिति स्तर पर शीघ्र की जाय।

(ix) विद्यालय प्रशासन द्वारा अध्ययनरत छात्रों के अभिभावकों के साथ सुविधा अनुसार बैठकें आयोजित किये जाने हेतु प्राचार्य को सुझाव दिया गया।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

26.7.2016

(नरेन्द्र भगत)
सभापति
कार्यकारिणी समिति
नेतरहाट विद्यालय समिति
रांची।

नेतरहाट विद्यालय समिति

झारखण्ड सरकार

नेतरहाट विद्यालय समिति, कार्यकारिणी समिति की, दिनांक–22.07.2016 को आहूत बैठक में उपस्थिति :–

उपस्थिति :–

क्र०	नाम	पता	कार्यकारिणी समिति में धारित पद	हस्ताक्षर
1.	श्री नरेन्द्र भगत, भा०प्र०से० (सेवा निवृत्त)	अग्रवाल नर्सिंग होम के सामने बरियातू रोड, राँची।	सभापति	22.7.2016
2.	श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा, भा०प्र०से०	प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची।	सदस्य	Not0
3.	डा.मनीष रंजन, भा०प्र०से०	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य	Manish 22.7.16
4.	श्री कृष्ण स्वरूप प्रसाद	184/सी० 2, हरिहर सिंह रोड, मोरहाबादी, राँची।	सदस्य	22/07/16
5.	डा० अमलेन्दु शेखर मित्रा	मातृछाया, दिव्यायन के दक्षिण, मोरहाबादी, राँची।	सदस्य	22.07.16
6.	श्री राजू रंजन राय, उप सचिव, वित्त विभाग	वित्त विभाग का प्रतिनिधि, प्रधान सचिव, वित्त विभाग द्वारा मनोनीत सदस्य।	सदस्य	22/7/16
7.	श्री विन्ध्याचल पाण्डेय	प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय, नेतरहाट।	सदस्य सचिव	22/7/16
8.	श्री के.के. सिन्हा	मुख्य कार्यपालक अभियंता जैप.आई.टी.	विशेष आमंत्रित	22/7/16
9.	श्री प्रह्लाद मेहता	कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण प्रमण्डल, लातेहार	विशेष आमंत्रित	22/7/16
10.	श्री जे०एस०दास	मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास संभाग	विशेष आमंत्रित	22/7/16